तापमान
अधिकतम 27.2 डिग्री
न्यूनतम 11.2 डिग्री

हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4
जिंदल फाउंडेशन के शिविर में 101 लोगों के मोतियाबिंद का किया गया



## खबर संक्षेप

### पति ने पत्नी की गला घोंटकर कर दी हत्या



**सीतापुर।** खाना बनाने को लेकर पति पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद गुस्से में आकर पति ने पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद आरोपी पति को पुलिस ने हत्या के जुर्म में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार झारखंड के लातेहार निवासी शशिभूषण कुमार विगत आठ महीनों से ग्राम सोनतराई में पत्नी मंजू देवी के साथ किराए के घर में रहता था। शशु भूषण कुमार गांव में किराना दुकानों में चॉकलेट बिस्कुट की सप्लाई का काम करता था। 9 फरवरी की रात वो मैनपाट से अपना काम निपटाकर शाम को थका हारा घर वापस लौटा था। घर में पत्नी द्वारा खाना नहीं बनाने से दुखी पति खाना बनाने जा रहा था तभी उसकी पत्नी उससे विवाद करने लगी। विवाद के दौरान पत्नी ने पति को भद्दी भद्दी गालियां देते गले से मंगलसूत्र निकालकर फेंक दिया और अपने पति के गुप्तांग को कसकर दबोच लिया। दर्द से कराहते पति ने छुड़ाने की काफी कोशिश की पर सफल नही तब उसने गुस्से में आकर गमछे से अपनी पत्नी का गला घोंट कर हत्या कर दी। इस घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर धारा 103(1) के तहत जेल भेज दिया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह समेत पुलिस बल शामिल थी।

### इंजीनियरिंग कॉलेज होंगे तकनीक प्रबंधन पाठ्यक्रम

**अम्बिकापुर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में सत्र 2026-27 से नए तकनीकी एवं प्रबंधन पाठ्यक्रमों के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अंतर्गत एमबीए (30 सीटें) की शुरूआत की गई है। कार्यरत लोगों के लिए बीटेक में 30 सीट, एमटेक में 15 सीट की स्वीकृति प्रदान की गई है। सिविल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा माइनिंग इंजीनियरिंग वहीं बीटेक में सिविल इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा माइनिंग इंजीनियरिंग वहीं बीटेक में सिविल, इलेक्ट्रिकल एवं माइनिंग इंजीनियरिंग विषय की स्वीकृति दी गई है। इंजीनियरिंग कॉलेज में नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के युवाओं को शहर तकनीकी व प्रबंधन शिक्षा उपलब्ध होगी साथ ही विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को पार्ट टाइम शिक्षा का अवसर मिलेगा।

### दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेला 16 से

**अम्बिकापुर।** सरगुजा संभाग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में करियर बनाने के उद्देश्य से 16 और 17 फरवरी को शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में दो दिवसीय संभाग स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में विभिन्न प्रतिष्ठित निजी नियोजक अपनी रिक्तियों के साथ उपस्थित रहेंगे, जहां युवाओं का चयन उनकी योग्यता और साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक आवेदकों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। शिक्षित युवा रोजगार विभाग के पोर्टल अथवा रोजगार एप पर अपना सामान्य रोजगार पंजीयन के साथ रोजगार मेले के लिए भी पंजीयन करा सकते है। उपसंचालक एसपी त्रिपाठी ने बताया कि रोजगार मेले से संबंधित रिक्तियों का विवरण 9 फरवरी 2026 से पोर्टल पर प्रदर्शित किया जा रहा है, ताकि आवेदक अपनी रूचि और योग्यता के अनुसार पदों का चयन कर सकें। इच्छुक युवा पासपोर्ट साइज फोटो, पहचान पत्र और अनुभव प्रमाण पत्र की मूल व छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित हो सकते हैं।

# राजस्व रिकार्ड में हेराफेरी कर शासन को लगाया लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा



ग्राम पंचायत सुरंगपानी में अनेकों कृषक के नाम पर फर्जी तरीके से रकबा जोड़कर और नियम विरुद्ध टोकन जारी कर फर्जी धान खरीदी कर शासन को लाखों रुपये की चपत लगाने के मामला प्रकाश में आया है। फर्जीवाड़ा ऐसा की जांच हो तो हेराफेरी के कई राज सामने आ जाएंगे। इस फर्जीवाड़ा गिरोह के बिचौलियों ने अनेक किसानों के खातों में प्रशासन व खरीदी केन्द्र के पदाधिकारियों कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर बड़े फर्जीवाड़े को अंजाम दिया है।

■ सुरंगपानी धान खरीदी केन्द्र का मामला

मिली जानकारी के अनुसार पहले राजस्व अभिलेखों में दूसरे किसानों की जमीन को अपने परिचित किसानों के पंजीयन में फर्जी तरीके से एग्रिस्टेक करवा कर पंजीयन करवाया गया। बकायदा गिरदावरी से लेकर पंजीयन सत्यापन धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया में हेराफेरी कर फर्जी धान खरीदी करवा कर छत्तीसगढ़ सरकार को लाखों की चपत लगा चुके है। इस पूरे सिंडिकेट का पर्दाफाश तब हुआ जब एक किसान का चार बार टोकन जारी हुआ और फर्जी धान खरीदी की भनक मीडिया को लगी जिसके बाद रिकार्ड में पड़ताल करने पर पता चला कि राजस्व अभिलेखों के अनुसार, कार्तिक पिता दखल साय (जाति-गोंड) के नाम पर 6 खसरा नंबर और 2.335 हेक्टेयर भूमि दर्ज है। आरोप है कि कार्तिक राम पिता उजागर नामक कृषक की जमीन के 4 बड़े खसरा नंबरों को फर्जी तरीके से कार्तिक (पिता दखल साय) के नाम पर जोड़ दिया गया। जो कि 134/1,139/1,291/8,293 रकबे में कुल भूमि 5.516 हेक्टेयर जमीन को फर्जी तरीके से पंजीयन करा कर 875 बोरी धान की खरीदी कर फर्जीवाड़े को अंजाम दिया गया है। इस फर्जी रकबे का न केवल एग्रीस्टेक किया गया, बल्कि बिना भौतिक सत्यापन के इसे पोर्टल पर चढ़ा दिया गया ताकि अधिक मात्रा में धान की बिक्री की जा सके। इसी प्रकार किसान भरत चौहान पिता रामसाय चौहान के पास राजस्व अभिलेख में 8 खसरे के नंबर में 1.786 हेक्टेयर जमीन सामलाती खाते की है। जिसमें चार हिस्सेदार सदस्य हैं। परंतु उस किसान के पंजीयन में बिचौलियों द्वारा पटवारी व तहसीलदार के साथ साठगांठ कर कुल रकबा 4.239 हेक्टेयर का फर्जी पंजीयन कराया गया। जिसमें दिलीप नामक किसान का 133/1 रकबा 0.1780 हेक्टेयर एवं मु.गतिबाला पिता शिवप्रसाद सहित आठ अन्य हिस्सेदार की राजस्व अभिलेख में दर्ज भूमि में से 5 खसरा नम्बर क्रमशः 448/1 523/1 525/2 533/1 647/3 ग्राम सुरंगपानी का कुल रकबा 1.369 को फर्जी तरीके से जोड़कर लगभग 146 क्विंटल मतलब 365 बोरी धान अवैधानिक रूप से बेचा गया।

### टोकन जारी करने में नियमों की अनदेखी

इस मामले में सबसे चौंकाने वाला पहलू टोकन जारी करने की प्रक्रिया है। नियमानुसार और भौतिक स्थिति के विपरीत, कंप्यूटर ऑपरेटर और फड़ प्रभारी की मिलीभगत से तीन के बजाय चार बार टोकन जारी किए गए जिसमें 7 जनवरी 2026 को 150 क्विंटल (375) बोरी, 23 जनवरी 2026: 246 क्विंटल (615 बोरी) का एक टोकन जारी किया गया, जिसे बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 30 जनवरी 2026 इसी कृषक के नाम पर दोबारा 100 क्विंटल (250 बोरी) का फर्जी टोकन जारी हुआ। 05 फरवरी 2026: पुनः 100 क्विंटल का एक और टोकन जारी कर धान की खरीदी भी पूर्ण कर ली गई। वही किसान भरत चौहान पिता रामसाय चौहान का टोकन दिनांक 29/12/2025 को 146 क्विंटल 356 बोरी धान बिक्री किया है।

### मिली है जानकारी

मामले की जानकारी मिली है। यह गंभीर विषय है। संबंधित किसानों के नाम व ब्यौरे की पतासाजी की जा रही है। निश्चित ही दोषी अधिकारी-कर्मचारी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

-**ऋतुराज बिसेन**, एसडीएम, पत्थलगांव

### जांच के बाद कार्रवाई

यह अत्यंत संवेदनशील मामला है। मैं तत्काल इसे कलेक्टर के संज्ञान में लाता हूं। जांच के बाद कड़ी कार्रवाई होगी।

-**शम्भू गुप्ता**, डीएमओ, जशपुर नगर

## हाइवा एवं बस की आमने-सामने भिड़ंत, दर्जनों यात्री घायल

# रौनी घाटी में भीषण सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर





बगीचा–कुसमी मुख्य मार्ग पर रौनी घाटी में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने इलाके को दहला दिया। तेज रफ्तार हाइवा और सवारी बस के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और मौके पर अफरा-तफरी फैल गई। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक बस में सवार दर्जनों यात्री घायल हुए हैं, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा घाटी के मोड़ पर हुआ, जहां तेज रफ्तार हाइवा सामने से आ रही बस से भिड़ गई। टक्कर के बाद बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा, वहीं कई यात्री सीटों से उछलकर गिर ⏭ शेष पेज 4 पर

### कुछ समय के लिए घाटी हुई जाम, पुलिस पहुंची मौके पर

हादसे की सूचना मिलते ही बगीचा पुलिस की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। पुलिस द्वारा घायलों की संख्या और दुर्घटना के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। घाटी क्षेत्र में यातायात भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहा।

### स्थाई सुरक्षा इंतजाम, सख्त ट्रैफिक मॉनिटरिंग की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि रोनी घाटी में तीखे मोड़ और तेज रफ्तार भारी वाहनों के कारण पहले भी हादसे होते रहे हैं। उन्होंने यहां स्थायी सुरक्षा इंतजाम और सख्त ट्रैफिक मॉनिटरिंग की मांग उठाई है।

## तेज रफ्तार पिकअप का कहर

सुबह की सैर पर निकले दो मजदूरों के लिए गुरुवार की सुबह जिंदगी की आखिरी सुबह साबित हुई। तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें इतनी जोरदार टक्कर मारी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक वाहन समेत भाग निकला। घटना से गम्हरिया और आसपास के गांवों में शोक की लहर है।

■ मॉर्निंग वॉक पर निकले दो मिस्त्रियों की सड़क हादसे में मौत

मिली जानकारी के अनुसार गम्हरिया में मिस्त्री का काम करने वाले अबदोन लकड़ा उम्र 50 वर्ष और हीरा राम रोज की तरह सुबह करीब 6 बजे मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। वे सड़क किनारे टहल रहे थे, तभी रांची की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात पिकअप ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। चालक ने न तो ब्रेक लगाया और न ही रुककर देखने की कोशिश की, बल्कि सीधे भाग निकला।

### हादसे के बाद मचा हड़कंप

घटना के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू की। पहचान होने पर परिजनों को खबर दी गई, जिसके बाद परिवार के लोग बदहवास हालत में पहुंचे।

### गांव में पसरा मातम

दोनों मृतक मेहनत-मजदूरी कर परिवार चलाते थे। अचानक हुए हादसे से उनके घरों, परिचित एवं रिश्तेदारों में मातम पसर गया है। ग्रामीणों ने तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस ने अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे कैमरों के फुटेज देखे जा रहे हैं ताकि वाहन की पहचान हो सके। अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को जल्द पकड़ लिया जाएगा।



# खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने मिल रहा सशक्त मंचः भगत

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में खिलाड़ियों में खेल उत्साह को बढ़ावा देने एवं प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित सरगुजा ओलंपिक के तहत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के उपरांत जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

■ सरगुजा ओलंपिकः जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन जिला मुख्यालय जशपुर स्थित रणजीता स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ जशपुर विधायक राय मुनी भगत द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना एवं खेल ध्वज फहराकर किया गया। विधायक राय मुनी भगत ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन से जिले, संभाग एवं राज्य के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच मिल रहा है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष गंगाराम भगत नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्न निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, डिप्टी कलेक्टर प्रशांत कुशवाहा रोजगार अधिकारी दुर्गेश्वरी सिंह सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज जिले के सभी विकासखंडों से बालक एवं बालिका वर्ग के लगभग 1600 जूनियर खिलाड़ी विभिन्न खेल विधाओं में भाग ले रहे हैं। कल सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी।

# पैरालीगल वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन वर्ष 2025-26 के अनुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू की अध्यक्षता में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित विभिन्न योजना आशा, डॉन, जागृति एवं संवाद के अंतर्गत आम नागरिकों एवं जन समुदाय तक कानूनी सहायता व सलाह तथा उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किये जाने के प्रयोजनार्थ विगत दिवस 11 फरवरी 2026 को जिला न्यायालय जशपुर के सभाकक्ष में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर के अधिकार मित्रों पैरालीगल वॉलिंटियर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार साहू द्वारा मर्यादा एवं कानून के दायरे में रहकर आमजनों एवं जनसमुदाय के मध्य विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के हितों की रक्षा करने एवं अन्य कानूनी सेवाएं प्रदान किए जाने के संबंध में अधिकार मित्रों को निर्देशित किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर के सचिव कु श्वेता बघेल एवं जशपुर जिले के समस्त पीएलवी उपस्थित रहे।

# जिले के आठ शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान



**जशपुरनगर।** भारत के सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से जुड़ा एकमात्र देश का सबसे बड़ा स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह के द्वारा प्रतिवर्ष उत्कृष्ट नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है इस वर्ष भी राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह 25- 26 के सम्मान हेतु समूह के राज्य प्रभारी संजीव कुमार सूर्यवंशी के द्वारा नामों की घोषणा की गई है।

### पांच चरणों से गुजर कर शिक्षक पहुंचे पुरस्कार तक

राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक समूह के जशपुर जिला प्रभारी मंजुला झा शिक्षक ने बताया कि पुरस्कार हेतु शिक्षकों को पांच चरणों से गुजरना पड़ता है ऑनलाइन आवेदन साक्षात्कार सर्पोटिंग डॉक्युमेंट्स क्रॉस इंटरव्यू वेरिफिकेशन इस पूरी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद ही शिक्षकों के नाम की घोषणा की जाती है जिन्हें सम्मान पूर्वक रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया जाता है।

### जिले के इन शिक्षकों को किया जाना है सम्मानित

इस वर्ष जशपुर जिले से कुमारी कंचन सोनी शिक्षक पूर्व माध्यमिक शाला भुडकेला जशपुर, मीरा अग्रवाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सोगाडा मनोरा, रेनू प्रधान दुलदुला, नितेश कुमार साय फरसाबहार, पीटर साय बगीचा, सुमन रवानी कांसाबेल, जेन सेलेस्टीन तिर्की कुनकुरी, दुर्योधन यादव पत्थलगांव होंगे सम्मानित ।

### अन्य गतिविधियों के लिए इनको किया जाएगा सम्मानित

इसके अतिरिक्त शैक्षणिक डिजिटल सामग्री निर्माण के लिए महेंद्र कुमार बंजारा अंग्रेजी विषय के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ममता सिंन्हा के नाम की घोषणा की गई है।

## बासनताला स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई विदाई

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए गलतियों से सीखना आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बासनताला में प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान के मार्गदर्शन में 11 फरवरी को कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

विद्यालय परिवार द्वारा खेल स्टेडियम में 12 वीं के सभी विद्यार्थियों का तिलक एवं बेज लगाकर सम्मान किया गया तथा नृत्य करते हुए स्वागत के साथ इन्हें विद्यालय मंच तक लाया गया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य खान एवं कार्यक्रम के सभी मुख्य अतिथि कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों द्वारा विद्यादायिनी मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं राज्य गीत के साथ किया गया तथा 6 वीं से 11वीं तक के छात्र



छात्राओं द्वारा इनका पुष्प गुच्छ एवं स्वागत गान से सम्मान किया गया एवं नृत्य सहित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुति की गई।

### ऊंची सोच के साथ किया गया कार्य देता है ऊंचा परिणाम

इस अवसर पर प्राचार्य मोहम्मद रईसुल हसन खान एवं वरिष्ठ व्याख्याता ब्लारमी तिर्की तथा संदीप मिंज ने वार्षिक परीक्षा की बेहतर तैयारी एवं उत्कृष्ट परिणाम के लिए मार्गदर्शन तथा आशीर्वाद प्रदान किए। प्राचार्य खान ने कहा कि हमेशा ऊंची सोच के साथ कार्य करें तो उपलब्धि भी ऊंची मिलेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास, कठिन परिश्रम एवं गलतियों से सीखना आवश्यक है। यदि इन सारी बातों को अमल में लाया जाए तो दुनिया की कोई भी ताकत लक्ष्य प्राप्ति से नहीं रोक सकता। 12 वीं के विदा ले रहे विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय से मिली उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया तथा कला, विज्ञान एवं वाणिज्य समूह के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के लिए क्रमशः मेट, मां सरस्वती की प्रतिमा और दीवाल घड़ी प्राचार्य के लिए भेंट किया गया वहीं 6 वीं से 11 वीं तक के बच्चों द्वारा 12 वीं के विदा ले रहे बड़े भाई बहनों के लिए फाइल एवं स्केल प्रदान किया गया।

# बुकिंग कराकर घूमने ले गए मैनपाट, वापसी में लूट ली स्कॉर्पियो

**सरगुजा।** घूमने के बहाने से बुकिंग कराई गई स्कॉर्पियो वाहन की लूट का मामला सामने आया है। मैनपाट से वापस लौटते समय बदमाशों ने पीछे से वाहन स्वामी के गले को बेल्ट से दबा दिया। इस दौरान युवक ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इधर लुटेरे वाहन को लेकर फरार हो गए। हालांकि बताया जा रहा है कि पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को बरामद कर लिया है जबकि आरोपियों की तलाश जारी है।



बताया जा रहा है कि 10 फरवरी को चार युवक पुराना बस स्टैंड में पहुंचे थे। युवकों ने चार पहिया वाहन की बुकिंग के लिए कुमार कलेक्शन के सामने एक पंचर दुकान वाले से संपर्क किया। पंचर दुकान के संचालक ने भट्ठी रोड निवासी अंकित सिन्हा को फोन कर स्कॉर्पियो की बुकिंग के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने बताया कि गाड़ी का ड्राइवर नहीं है। पंचर दुकान वाले ने बताया कि युवकों को मैनपाट घूमने के बाद शाम को ड्राप कर देना है। शिकायतकर्ता अंकित सिन्हा ने बताया कि वह अपनी स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 16 सीजे 5333 वाहन स्वयं चलाकर पुराना बस स्टैंड पहुंचा। चारों युवक स्कॉर्पियो वाहन में सवार हो गए जिसके बाद उनसे युवकों को उल्टापानी, दलदली, टाइगर प्वाइंट एवं अन्य पर्यटन स्थल घुमाया। मैनपाट प्वाइंट होटल में नाश्ता करने के बाद चारों वापस अंबिकापुर आने के लिए निकले थे। इधर रात 7. 30 बजे मैनपाट-दरिमा रोड में बरगई के पास युवकों ने उल्टी लगने की जानकारी देकर स्कॉर्पियो वाहन रोकने के लिए कहा। अंकित सिन्हा ने जब गाड़ी रोकी तो सामने बैठा एक युवक एवं पीछे बैठा एक युवक गाड़ी से उतर गए। वहीं ड्राइवर के पीछे की सीट पर बैठे एक युवक ने बेल्ट से अंकित सिन्हा का गला दबाने की कोशिश की। अंकित सिन्हा किसी तरह से बेल्ट को गले से हटाने में कामयाब हो गया और गाड़ी से उतरकर बाहर भागा। युवकों ने उसे दौड़ाकर पकड़ने की कोशिश की। अंकित सिन्हा सड़क किनारे गड्ढे में कूद गया और बचने के लिए कुछ दूर में छिप गया। इधर स्कॉर्पियो में सवार युवकों ने उसका मोबाइल गाड़ी से निकालकर बाहर फेंक दिया और स्कॉर्पियो वाहन लेकर भाग निकले। रात करीब 9 बजे अंकित सिन्हा दरिमा थाने पहुंचा और स्कॉर्पियो लूटने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में धारा 309 (3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई थी। इसी दौरान देर रात सरगुजा पुलिस को स्कॉर्पियो वाहन छोड़कर चोटिया के पास अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे में चेकपोस्ट करने की जानकारी मिली।

■ गला दबाकर दिया वारदात को अंजाम, बांगो क्षेत्र में वाहन छोड़कर भागे लुटेरे

## खबर संक्षेप

### देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल आज श्रमिक संगठनों ने दिखाई एकजुटता

बिश्रामपुर। केंद्र सरकार की कथित मजदूर-विरोधी एवं निजीकरण समर्थक नीतियों के विरोध में 12 फरवरी को देशव्यापी औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया गया है,यह जानकारी एसकेएमएस (एटक) के महासचिव अजय विश्वकर्मा,एचएमएस नेता नाथूलाल पांडेय, एससीकेएमसी (इंटक) के गोपाल नारायण सिंह तथा सीटू के महासचिव व्ही.एम.मनोहर ने संयुक्त प्रेस वार्ता में दी। श्रमिक नेताओं ने बताया कि हड़ताल को देश की दस प्रमुख ट्रेड यूनियनों एवं फेडरेशनों के साथ संयुक्त किसान मोर्चा,खेतिहर मजदूर संगठनों,सिस्टा ओबीसी तथा विभिन्न विपक्षी दलों का समर्थन प्राप्त है,उन्होंने आरोप लगाया कि बिना व्यापक संवाद के चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को लागू करने की दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे मजदूरों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा, वेतन संरचना, स्थायी रोजगार, पेंशन, पीएफ, ग्रेच्युटी और सामूहिक सौदेबाजी की क्षमता प्रभावित हो सकती है,नेताओं ने फिक्स्ड टर्म रोजगार, कार्य घंटे बढ़ाने, श्रम संस्थाओं की शक्तियों में कटौती तथा सार्वजनिक उपक्रमों के निजीकरण जैसे मुद्दों को लेकर असंतोष जताया और कहा कि मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए आंदोलन आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि एसईसीएल में हड़ताल को सफल बनाने के लिए सोहागपुर, बैकुंठपुर और दीपका सहित विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त सम्मेलन आयोजित किए गए, जिनमें रायगढ़ से जोहिला क्षेत्र तक के यूनिट एवं क्षेत्रीय स्तर के नेताओं ने हिस्सा लिया,इसके अलावा एटक, एचएमएस, इंटक और सीटू के संयुक्त मोर्चे द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में गेट मीटिंग और पल्ला बैठकों के माध्यम से श्रमिकों से हड़ताल में भाग लेने की अपील की जा रही है,संयुक्त मोर्चा के नेताओं ने दावा किया कि 12 फरवरी को एसईसीएल के सभी क्षेत्रों में श्रमिक हड़ताल में भाग लेंगे।

### राजस्व भूमि पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों का चक्काजाम आज

बिश्रामपुर। ग्राम पंचायत कल्याणपुर में राजस्व भूमि पर कथित अवैध अतिक्रमण को लेकर आज 12 फरवरी को ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किया जाएगा,सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत कल्याणपुर में स्कूल मद में दर्ज रही 1.63 हेक्टेयर शासकीय भूमि पर निजी मकान निर्माण किया गया है। ज्ञापन में यह भी उल्लेखित है कि यदि 12 फरवरी तक निर्माण पर रोक और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामसभा के बाद दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड चौक कल्याणपुर में प्रतापपुर रोड पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार प.ह.नं. 16 अंतर्गत खसरा नंबर 2384, 2385, 2386 की कुल 1.63 हेक्टेयर भूमि पूर्व में स्कूल मद में दर्ज थी। बाद में यह भूमि त्रुटिवश आबादी मद में दर्ज हो गई। ग्रामीणों का दावा है कि यह भूमि शासकीय प्रयोजन के लिए वन अधिकार पत्र के माध्यम से ग्राम पंचायत को आबंटित है, इसलिए इस पर निजी स्वामित्व का दावा निराधार है। इसी बीच गांव के निवासी मनोहर जायसवाल पर आरोप है कि वे उक्त भूमि को अपनी निजी संपत्ति बताते हुए बड़े पैमाने पर कॉलम और प्लिंथ डालकर पक्का मकान खड़ा कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभागों क्रमशः राजस्व, पंचायत और वन विभाग को आवेदन देकर स्थिति स्पष्ट करने और निर्माण रुकवाने की मांग की। हर बार मौका जांच कराएंगे का आश्वासन मिला, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी।प्रशासनिक उदासीनता से नाराज ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत कल्याणपुर में 12 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विशेष ग्रामसभा बुलाने की घोषणा की गई है। माना जा रहा है कि इस ग्रामसभा में राजस्व रिकॉर्ड, वन अधिकार पत्र और जमीन के उपयोग पर विस्तार से चर्चा होगी। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रामसभा के बाद दोपहर 2 बजे से बस स्टैंड कल्याणपुर में प्रतापपुर मार्ग पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन और चक्का जाम किये जाने की खबर है

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



रामानुजगंज। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके विचारों का स्मरण किया। कार्यक्रम के संयोजक व जिला उपाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि एकात्म मानववाद के माध्यम से उन्होंने व्यक्ति, समाज और राष्ट्र को एक अविभाज्य इकाई के रूप में देखने की समग्र दृष्टि दी। उनका मानना था कि विकास केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, नैतिक और सामाजिक संतुलन के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक अवसर और सम्मान पहुंचाना है। भाजपा नेता कृष्ण गुप्ता ने कहा कि उनके आदर्शों से प्रेरित होकर हम विकसित भारत के संकल्प को साकार करने हेतु निरंतर अग्रसर हैं, जहां सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास राष्ट्र निर्माण का आधार बने। संगोष्ठी कार्यक्रम का संचालन भानु प्रकाश दीक्षित ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता बंसीधर गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष लोधी राम एक्का, पार्षद गौतम सिंह, राकेश सिंह, योगेश गुप्ता आदि शामिल रहे।

#### खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से मुरझा रही फसल

# दलको बांध की नहर धंसी, तीन गांवों की खेती संकट में

हरिभूमि न्यूज. रामानुजगंज

- किसानों को झेलनी पड़ रही दोहरी मार
- किसानों के मुताबिक कमजोर हो गई थी नहर

प्रदेश सरकार हरित क्रांति लाने के लिए जगह जगह पर बांध व जलाशय निर्माण कर किसानों की पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रयासरत है। जल संरक्षण के उद्देश्य पानी को संग्रहित कर बांध से नहर के माध्यम से किसानों के खेतों तक पानी उपलब्ध कराना है। बांध से किसानों को हर समय आवश्यकता के अनुरूप फसलों की सिंचाई हेतु नहर से पानी मिल सके जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सक। इसी उद्देश्य से कुछ सालों पूर्व दलको बांध का निर्माण कराया गया और नहर के माध्यम से तीन गांव के लोगों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो गई। लेकिर नहर की मरम्मत नहीं होने से अब दलका बांध की नहर ध्वस हो गई। आलम यह है कि बांध में पानी तो है लेकिन नहर व खेत सूखा है।

रामानुजगंज क्षेत्र में दलको बांध से निकली सिंचाई नहर के क्षतिग्रस्त होने से किसानों पर दोहरी मार पड़ गई है। नगरा, भवरमाल और धनपुरी गांवों के सैकड़ों किसान इस समय गंभीर संकट से जूझ रहे हैं। खेतों तक पानी नहीं पहुंचने के कारण फसल मुरझाने लगे हैं और मेहनत की पूरी पूंजी डूबने का खतरा मंडरा रहा है। किसानों का कहना है कि बांध से खेतो तक पानी पहुंचे इसके लिए लाखों की लागत से लंबी नहर बनाई गई। बांध से तीन ग्राम पंचायत नगरा, भवरमाल व धनपुरी के सैकड़ो किसान की कई एकड़ भूमि पर सिंचाई किया जाता था। बांध का पानी नहर के आखरी छोर गांव तक पहुचता था परंतु विभाग द्वारा समय समय पर नहर की मरम्मत नहीं कराने से नहर की हालत दयनीय हो गई। आलम यह है कि नहर की मरम्मत नहीं होने से नहर ध्वस हो गई जो अब सिर्फ सो पीस बन कर रह गई है। किसानों द्वारा नहर सुधार कार्य की कई बार मांग की गई परंतु विभाग के अधिकारियों व जिला प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिससे क्षेत्र के किसान खेती किसानी को लेकर चिंतित है। विडंबना यह है कि दलको बांध में पानी की कोई कमी नहीं है, फिर भी किसान सिंचाई से वंचित हैं। नहर टूटने के चलते पानी खेतों तक पहुंचने की बजाय सीधे कनहर नदी में बहकर व्यर्थ जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते स्थायी सुधार नहीं हुआ तो फसल पूरी तरह बर्बाद हो सकती है।





#### प्रशासन को कई दे चुके है सूचना

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और जल संसाधन विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसान राकेश गुप्ता ने बताया कि सिंचाई के अभाव में फसलें सूखने लगे हैं। खेत तैयार करने, बीज और खाद पर खर्च की गई रकम डूबने की आशंका है, लेकिन विभागीय स्तर पर अब तक सिर्फ आश्वासन ही मिले हैं।

#### बार बार टूट जाती है नहर

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दलको बांध के एक्वाडक्ट के नीचे से गुजरने वाली यह नहर तकनीकी रूप से कमजोर हो चुकी है और बार-बार टूट जाती है। हालात ऐसे हैं कि किसान खुद आपस में चंदा जुटाकर अस्थायी मरम्मत कराते रहे हैं, ताकि किसी तरह खेतों तक पानी पहुंच सके। बावजूद इसके, हर बार कुछ ही दिनों में नहर फिर जवाब दे देती है।

#### जल्द कराई जाएगी मरम्मत

नहर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। जल्द ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा जिससे किसानों को सिंचाई सुविधा बहाल की जा सके।

सुजीत कुमार,
एसडीओ जल संसाधन विभाग

## एनएच पर निर्माण के दौरान नहीं लगाए गए साइन बोर्ड, उड़ती धूल से लोगों का बुरा हाल



- धीमी गति से कार्य के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस करेगा सांकेतिक चक्का जाम

राजपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 के धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्य एवं सुरक्षा मानकों की अनदेखी से नागरिकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में लापरवाही और समस्याओं को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा 16 फरवरी को चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। सांकेतिक चक्का जाम और विरोध प्रदर्शन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नीरज तिवारी ने के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नीरज तिवारी ने बताया कि विगत चार माह से अंबिकापुर से पस्ता तक राष्ट्रीय राजमार्ग का नवनिर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा है। निर्माण के नाम पर जगह-जगह सड़क की खुदाई कर दी गई है किंतु मार्ग परिवर्तन की कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई है। पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों के पास न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही किसी प्रकार का सुरक्षा घेराव किया गया है। इससे आमजन एवं वाहन चालकों के लिए दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सड़क पर लगातार उड़ रही धूल के कारण दोपहिया, चार-पहिया तथा भारी वाहनों के चालक परेशान हैं और छोटे-बड़े हादसों की घटनाएं सामने आ रही हैं। धूल के कारण आसपास निवासरत लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है तथा व्यापारियों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। आरोप है कि पानी छिड़काव के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। नगर पंचायत क्षेत्र राजपुर में नाली निर्माण के लिए सड़क के दोनों किनारों को खोदकर मिट्टी के ढेर छोड़ दिए गए हैं, जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति लगातार बन रही है। नीरज तिवारी ने कहा कि पूर्व में भी प्रशासन से निर्माण कार्य में तेजी लाने और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने की मांग की गई थी किंतु अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर 16 फरवरी को दोपहर 12 बजे नवकी मोड़ राजपुर में सांकेतिक चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने नगर पंचायत क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग की है। उन्होंने बताया कि सड़क एवं नाली निर्माण के कारण शहर में आए दिन जाम की स्थिति बन रही है। रविवार को लगने वाले साप्ताहिक बाजार के दिन पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह से थाना के सामने खादी भंडार तक वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग से यातायात बाधित होता है। उन्होंने मांग की है कि साप्ताहिक बाजार के दिन मुख्य सड़क से महामाया मंदिर प्रवेश मार्ग तक लगने वाली दुकानों को बाजार परिसर के भीतर व्यवस्थित कराया जाए तथा सहकारी समिति कार्यालय के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## नेशनल हाईवे में तेज रफ्तार बाइक कार के बीच हुई जोरदार टक्कर

- भिड़ंत के बाद दो टुकड़ों में बटी बाइक में लगी आग,

सीतापुर। नेशनल हाईवे क्र-43 में शाम 6 से 7 बजे के बीच तेज रफ्तार बाइक एवं कार की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस भिड़ंत में बाइक दो टुकड़ों में बट गया और उसमें आग लग गई। इस दौरान बाइक में तीन युवक सवार थे जो दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कार में सवार लोगों को भी चोट लगी है। इस घटना के बाद लोगो ने बाइक में लगी आग को बुझाया और 112 के सहयोग से



तीनों घायलों को हॉस्पिटल भिजवाया।

उक्त घटना नेशनल हाइवे क्र-43 पर ग्राम चलता में यात्री प्रतीक्षालय के पास शाम 6 से 7 बजे के बीच की है।सीतापुर से पत्थलगांव की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी 13 एएच 7399 जैसे ही ग्राम चलता से खड़गांव जाने वाली मार्ग की ओर मुड़ी तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर कार से जा भिड़ी।तेज रफ्तार बाइक और कार के बीच हुई भिड़ंत इतनी जबर्दस्त थी बाइक दो टुकड़ो में बट गया और उसमें आग लग गई वही कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।दुर्घटना के दौरान बाइक में कपिल बड़ा आ विलियम बड़ा 19 वर्ष निवासी कतकलो, आकाश मिंज आ चंद्रिका मिंज 22 वर्ष निवासी जामपारा एवं नागेंद्र कुजूर आ रामविलास 20 वर्ष निवासी जामडीह सवार थे जो कार से टकराने के बाद सड़क पर जा गिरे।

## पीजी कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर



पीजी कॉलेज की अव्यवस्थाओं को लेकर आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य को अपनी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि कॉलेज में ड्रेस कोड और पहचान पत्र की अनिवार्यता न होने की वजह से यहां बाहरी असामाजिक तत्वों का आना-जाना बढ़ गया है।

इससे आम छात्र-छात्राएं खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। संघ ने कॉलेज गेट पर जांच सख्त करने तथा हर आगंतुक का रिकॉर्ड रजिस्टर में दर्ज करने की बात कही। इसके अलावा पांचवी सेमेस्टर के परिणाम अब तक घोषित नहीं हुए हैं। इस देरी के कारण छात्रों का एक कीमती साल बर्बाद होने की कगार पर है और आगे पीजी में दाखिला नहीं ले पा रहे हैं। संघ ने कॉलेज पोर्टल पर फॉर्म भरने के नाम पर लिए जा रहे अतिरिक्त शुल्क को अवैध वसूली करार दिया। छात्रों का कहना है कि एक तरफ तो कॉलेज भारी-भरकम फीस वसूलता है वहीं दूसरी ओर छोटे-छोटे चार्ज लगाकर छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। साथ ही जिन छात्रों ने आईडी कार्ड के पैसे जमा कर दिए हैं, उन्हें महीनों बाद भी कार्ड नहीं मिलना कॉलेज की सुस्त कार्यप्रणाली को दर्शाता है। संघ ने मांगों के निराकरण करने की मांग की है मांग पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान विकास, विवेक, सक्षम, अभिजीत, प्रिंस, विनय, अभय, सोनू, भोलू सहित अन्य मौजूद रहे।

## जेसीबी मशीन से टकराकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

बिश्रामपुर। एनएच 43 समीप जयनगर थाना से महज कुछ ही दुरी पर जेसीबी मशीन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं,गौरतलब है कि जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम वीरपुर निवासी 26 वर्षीय छत्रपाल राजवाड़े पिता गोपाल राम व 28 वर्षीय सुरेश प्रजापति पिता अमृत प्रजापति बुधवार की दोपहर बाइक में बिश्रामपुर की तरफ जा रहे थे,इसी दरम्यान जयनगर थाना से महज कुछ दूरी पर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर कुंजनगर मोड़ के पास जेसीबी चालक की लापरवाही से बाइक सवार दोनों युवक दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं,सूचना पर जयनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर उपचार हेतु भिजवाया गया है।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की गई जान

अम्बिकापुर। शादी कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप के चालक ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए बाइक सवार मौत हो गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम ऊंचडीह निवासी शिव शंकर आ. शादेव (25 वर्ष) 7 फरवरी को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएफ 0594 से शादी में शामिल होने गया था। शादी में शामिल होने के पश्चात बाइक से घर आने लगा और जैसे ही ग्राम चंदनपुर मुख्य मार्ग ढाबा के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप क्रमांक सीज 29 एसी 9040 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए



टक्कर मार दी जिससे बाइक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पिकअप चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

## कलेक्टर ने राइस मिलरों ली बैठक, आवश्यक निर्देश



सूरजपुर। कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के समस्त राइस मिलरों की बैठक ली। बैठक में धान मिलिंग की प्रगति, एफआरके राइस उत्पादन, धान उठाव तथा पीडीएस दुकानों में चावल की नियमित आपूर्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

कलेक्टर ने सभी राइस मिलरों से कहा कि वे अपनी निर्धारित क्षमता के अनुसार धान मिलिंग कार्य में तेजी लाएं तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने एफआरके राइस उत्पादन पर विशेष जोर देते हुए गुणवत्ता एवं समयबद्धता बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में डीएमओ, मार्कफेड, नागरिक आपूर्ति निगम एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने तथा पीडीएस दुकानों में चावल की उपलब्धता नियमित बनाए रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए समय-सीमा के भीतर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करने की बात कही।

#### मनरेगा बचाने की मांग को लेकर सत्य नगर से भैयाथान तक निकाला गया पैदल मार्च

## ग्रामीण अर्थव्यवस्था को कमजोर करना गंभीर चिंता का विषय- सिंहदेव

हरिभूमि न्यूज. भैयाथान

मनरेगा योजना को सुरक्षित और सुदृढ़ बनाए रखने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत सत्य नगर से भैयाथान मुख्यालय तक विशाल पैदल मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा में हिस्सा लिया। भैयाथान पहुंचकर एसडीएम को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीण गरीबों के हितों की रक्षा और मनरेगा के प्रावधानों को मजबूत बनाए रखने की मांग की गई।

पदयात्रा का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैयाथान की अध्यक्ष विद्यात्रि सिंह देव तथा जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह देव ने किया। उनके नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीण और कार्यकर्ता



शामिल हुए। कार्यक्रम में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों, मजदूरों और कमजोर वर्ग के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण आधार है, लेकिन इसके प्रावधानों में कटौती और प्रक्रियाओं को जटिल बनाकर लगातार इसकी प्रभावशीलता कम की जा रही है। उन्होंने कहा कि रोजगार की गारंटी देने वाली योजना को कमजोर करना ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जेपी श्रीवास्तव, पूर्व सांसद खेल साय सिंह, पूर्व विधायक प्रेम साय सिंह, पारसनाथ राजवाड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष भगवती राजवाड़े, प्रदीप राजवाड़े, मनोज डालमिया, जफर हैदर, दीप्ति स्वाई, आनंद कुंवर, रामकृष्ण ओझा, राजेंद्र प्रताप सिंह देव, योगेंद्र सिंह देव, रामचंद्र यादव, कौशलेंद्र सिंह, राजू गुप्ता, नूर आलम, शांतनु सिंह, आशीष सिंह, राहुल सिंह, विक्की दुबे, बजरंगी सिंह, रितेश सिंह, सुलोचनी पैकरा, दुर्गा सारथी, शशिलता सिंह, इंद्रावती राजवाड़े, दीपमाला टंडन सहित जिला कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक पदाधिकारी, महिला कांग्रेस सदस्य व ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री नवयुवक दुर्गा मंडल परिवार ने दी श्रद्धांजलि

सूरजपुर। नगर के गणमान्य एवं माता के भक्त स्वर्गीय राजेंद्र बंसल एवं स्वर्गीय रामस्वरूप गुप्ता के आकस्मिक निधन पर श्री नवयुवक दुर्गा मंडल परिवार की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंडल प्रमुख मदन लाल गोयल ने बताया कि दोनों माता के असीम भक्त थे एवं समाज सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने वाले व्यक्ति थे। आज दोनों हमारे बीच नहीं रहे। मृत आत्माओं के लिए माता से अरदास करते हैं कि उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं दुखी परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।



स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना

बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मोर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

## कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।
**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।
**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।

**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।



**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को ब्लैक सी क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे वह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

## ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।

कविता / सूर्यकुमार पांडेय

## दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।



2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक



## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़



कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव


एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



**उत्तरः** 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ शैडो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाऊस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप

### बिना अनुमति अवकाश पर लगा प्रतिबंध

**सारंगढ़।** षष्ठम विधानसभा का अष्ठम सत्र 23 फरवरी से प्रारंभ होकर शुक्रवार 20 मार्च तक आहूत किया गया है। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने जिले के समस्त विभागों में पदस्थ एवं कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आदेशित किया है कि विधानसभा सत्र की अवधि में वे सक्षम प्राधिकारी की पूर्वानुमति के बिना न तो अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विधानसभा सत्र के दौरान प्राप्त होने वाले तारांकित एवं अतारांकित प्रश्नों, स्थगन प्रस्ताव, शून्यकाल, ध्यानाकर्षण सूचना, आश्वासनों, अशासकीय संकल्पों, याचिकाओं तथा लोक लेखा समिति से संबंधित पत्राचार एवं सूचनाओं पर निर्धारित समयावधि में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आदेश जारी किए हैं।

### केन्द्राध्यक्षों को दी गई ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए जिले के 65 केंद्र के केन्द्राध्यक्ष को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने कहा कि दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा में केन्द्राध्यक्ष का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। बोर्ड के नियमों का पालन गंभीरता से करें। इसमें व्यक्तिगत द्वेष भावना से कार्य नहीं करना चाहिए। यदि किसी रक्त संबंधी रिश्तेदार का एक ही केंद्र में परीक्षा है वो अपना केंद्र बदलने आवेदन प्रस्तुत करें और पारदर्शिता के साथ इस कार्य को पूर्ण करें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर उमेश साहू, जिला शिक्षा अधिकारी जोइधा राम डहरिया सहित सभी बीईओ आदि उपस्थित थे।

### नाबालिग छात्रा से दुर्व्यवहार शिक्षक गिरफ्तार

**बोनई।** आधार कार्ड संशोधन और अन्य कार्य कराने का झांसा देकर एक शिक्षक द्वारा नाबालिग छात्रा के साथ बार-बार दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आया है। यह घटना लहुणीपाड़ा थाना क्षेत्र के एक स्कूल से जुड़ी है] जहां नौवीं कक्षा की छात्रा ने साहित्य शिक्षक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मिली जानकारी के अनुसार सुंदरगढ़ जिले के लहुणीपाड़ा थाना अंतर्गत स्थित एक स्कूल के साहित्य शिक्षक तापस कुमार बढ़ेई के खिलाफ यह गंभीर शिकायत दर्ज की गई है। आरोप है कि शिक्षक पिछले एक वर्ष से नाबालिग छात्रा के साथ बार बार असदाचार कर रहा था। छात्रा ने यह भी आरोप लगाया है कि घटना के बारे में घर पर बताने पर उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। लगातार उत्पीड़न से परेशान होकर अंततः छात्रा ने थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है।

### बच्चों ने अपने हक के लिए किया 40 किमी मार्च

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के शहरी क्षेत्रों में जहां कई विद्यालयों के बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है, वहीं दूरदराज के कई शिक्षण संस्थान अब भी मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे हैं। इसका गंभीर उदाहरण गुरुण्डिया ब्लॉक के अंतर्गत सोलगुड़ा स्कूल में सामने आया है, जहां स्कूल भवन ढह जाने के बाद छात्र खुले आसमान के नीचे, पेड़ों की छांव में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। विद्यालय में कक्षाओं के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों से बार.बार अनुरोध किए जाने के बावजूद कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे नाराज छात्रों ने तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। बच्चे लगभग 40 किलोमीटर की दूरी तय कर जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे और तत्काल पक्के कक्षाओं के निर्माण की मांग रखी।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रौनी घाटी में ...

पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत-बचाव शुरू किया और घायलों को वाहनों की मदद से बाहर निकाला। डॉक्टर और नर्सों को किया गया अलर्ट- घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बगीचा लाया जा रहा है। गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किए जाने की तैयारी है। अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है।

### 280 हितग्राहियों की स्क्रीनिंग की गई, 70 दृष्टिबाधितों की होगी शल्य चिकित्सा

# जिंदल फाउण्डेशन के शिविर में 101 लोगों के मोतियाबिंद का किया गया ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन अंतर्गत क्षेत्र में बेहतर वातावरण निर्माण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। इसी क्रम में क्षेत्र में निवासरत वृद्धजनों, जो अपने आंखों में मोतियाबिंद के कारण दृष्टिबाधित हैं। जिन्हें देख न पाने के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे जरूरतमंद वृद्धजनों के लिए जिंदल फाउण्डेशन जेपीएल तमनार अपने अनूठी परियोजना दृष्टि के अंतर्गत विशाल नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन फोर्टिस ओपी जिंदल हास्पिटल तमनार में किया गया। जिसमें क्षेत्र के 280 हितग्राहियों का स्क्रीनिंग कर 101 वृद्धों का सफलता पूर्वक मोतियाबिंद आपरेशन कर उनके दृष्टिबाधिता को दूर किया गया। और आज वे स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आने वाले सप्ताह में 70 अन्य दृष्टिबाधितों का शल्य चिकित्सा किया जाना शेष है।

प्रायः देखा गया है कि नेत्रहीनता का प्रमुख कारण मोतियाबिंद है। प्रतिवर्ष मोतियाबिंद के लाखों नए मामले सामने आते हैं। लेकिन अत्याधुनिक तकनीकों ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन को बहुत आसान और प्रभावी बना दिया है। इसका कारण है मोतियाबिंद सर्जरी के प्रति लोगों में विश्वास व जागरूकता के कारण भारत में मोतियाबिंद के कारण होने वाली नेत्रहीनता में भारी मात्रा में कमी आई है।







शिविर में जांच कराते मरीज और उपस्थित ग्रामीण।

**कई मरीजों के जीवन में जगी नई उम्मीद**

इस अवसर पर ऋषिकेष शर्मा, विभागाध्यक्ष सीएसआर विभाग ने बताया कि जिंदल फाउण्डेशन का उद्देश्य क्षेत्र के गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर के माध्यम से अनेक परिवारों को राहत मिली है और कई मरीजों के जीवन में नई उम्मीद जगी है। शल्य चिकित्सा शिविर के दौरान मरीजों से मुखातिब होते हुए संस्थान के कार्यपालन निदेशक एवं यूनिट हेड जी वेंकट रेड्डी ने आश्वस्त किया कि जेपीएल तमनार, जिंदल फाउण्डेशन के माध्यम से क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पित है। संस्थान का लक्ष्य निकटस्थ ग्रामों के जरूरतमंदों, जो मोतियाबिंद, दृष्टिबाधित की समस्या परेशान हैं उन्हें सहुलियत पहुंचा कर उन्हें नवदृष्टि प्रदान करना है।



## बोर्ड के परिणाम के बाद टीआरएन एनर्जी करेगा बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी के विद्यार्थी यह न समझें की आज आपका इस विद्यालय से विदाई हो रहा है आपके परीक्षा परिणाम के बाद हमारा टीआरएन एनर्जी आप लोगों के लिए इसी विद्यालय प्रांगण में अभिनंदन समारोह और भोज का आयोजन करेगा।

जिसमें हम आपके भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा करेंगे और आपकी क्षमता और संसाधनों पर भी चिंतन कर राह निकलेंगे यह उदगार विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह के अवसर पर विद्यार्थियों को समबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से वायुनन्दन पांडे विभागाध्यक्ष सुरक्षा एवं प्रशासन टीआरएन एनर्जी भेंगारी ने कहा। आगे उन्होंने बच्चों को कहा कि आप जितना भी आगे बढ़ें किन्तु अपने संस्कार को न छोड़े और शिक्षकों को न भूले उन्होंने बहुत ही सारगर्भित बातों से बच्चों के मनोबल को बढ़ाया उनके उद्बोधन से बच्चों को ऐसा लगा जैसे उन्हें एक नया पालक मिल गया हो। संस्था प्राचार्य श्रीमती नीलिमा तंबोली ने उन्हें बधाई देते हुए परीक्षा पे बेहतर परिणाम लाने हेतु लगन से पढ़ने और अनुशासित परीक्षा देने हेतु प्रेरित की। संस्थान के राजीव गुप्ता ने जीवन में शिक्षा और संस्कार का महत्व पर रोचक व सारगर्भित उदाहरण के माध्यम से बच्चो को मोटीवेट किया। अपनी कमजोरी को ताकत बनाने के लिए भी काई लोगों का उदाहरण प्रस्तुत किया। कक्षा 12 वी के विद्यार्थियों ने विद्यालय के साथ गुजारे पलो को याद किया विद्यालय को शिक्षा और संस्कार को अदभुत बताया।

## सरपंच ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पास कर गांव की गली का किया चौड़ीकरण

**बटाउपाली।** ग्राम पंचायत बटाऊपाली अ में गाँव गली का चौड़ीकरण किया ज रहा हे। यह एक गांव के लिए बहुत बड़ी पहल है पिछले कुछ ही दिन पूर्व गांव में ग्राम सभा बैठक बुलाकर एक प्रस्ताव पास किया। जिसमें गांव के मुख्य मार्ग सकरी गली रोड के किनारे बनी बरामदे को को तोड़कर रोड चौड़ी करण का सुझाव दिया और कार्य को प्रगति देते हुए गांव के लिए एक अच्छी पहल करते हुए मशीन लाकर गांव की गली मोहल्ले की साफ सफाई कर रोड चौड़ी करण करने की पहल की गई। रोड चौड़ीकरण मे बेहतर कार्य किया जिसके फलस्वरूप गांव गली की सकरी रोड की समस्या दूर हुई और ग्राम वासियो को सकरी रोड की समस्या से निजात मिल गई। वही सरपंच अनिता फिरत रत्नाकर व उपसरपंच शिवागी आशीष दास सचिव हेमलाल भारद्वाज सहित समस्त पंचगण की काफी हद तक सराहना की जा रही है। विशेष आदर्श ग्राम बनाने के लिए गांव में और भी बेहतर कार्य का निर्वहन किया जा रहा है। जैसे कि गांव को नशामुक्ति के लिए अभियान गांव गली में शराब बिक्री पूरी तरह बंद, जुआ, सट्टा पर प्रतिबंध लगाकर आर्थिक दंड इस तरह से गांव के विकास व सुधार के लिए विशेष कार्य जिसकी सराहना पूरी ग्राम वासी कर रहे है।



**ग्रामीणों का मिल रहा सहयोग**

चौड़ी करण का कार्य लगातार चल रहा हे। मशीन से खुद की बजट लगा कर सकरी रोड तोड़कर गांव के रोड को बेहतर बनाया जा रहा है। इसमें सभी ग्रामीणों का सहयोग मिल रहा है। इस तरह शासन प्रशासन की कार्य को पंचायत स्तर पर अंजाम देकर शासन की मदद की जा रही हे।

**बनाना है आदर्श गांव**

एक आदर्श गांव के रूप मे लाना हमारी पहली प्राथमिकता है। इसके साथ ही साथ गांव को नशामुक्त बनाने की पहल की जा रही है। विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

अनिता फिरत रत्नाकर

### अमित बने जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी



**रायगढ़।** भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष द्वारा जिला पदाधिकारी की सूची जारी की गई। जिसमें खरसिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा नेता अमित साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी का महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। युवा भाजपा नेता अमित साहू को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी बनने पर खरसिया विधानसभा क्षेत्र सहित जिले भर में सभी चाहने वालों में हर्ष व्याप्त है। अमित साहू ने कहा की मुझ जैसे छोटे से कार्यकर्ता को रायगढ़ जिला भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी जैसा महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किया जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व, रायगढ़ विधायक मंत्री ओपी चौधरी, रायगढ़ भाजपा जिलाध्यक्ष अरूणधर दीवान समेत अन्य नेताओं का धन्यवाद अर्पित किया।

## नपं में अध्यक्ष तुंहर द्वार कार्यक्रम के तहत आवास सहायता शिविर

- वार्ड 9-10 के हितग्राहियों के आवेदनों का हुआ त्वरित निराकरण

**चंद्रपुर।** नगर पंचायत चंद्रपुर में आम जनता तक शासकीय योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने एवं वार्ड के मूलभूत समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन एवं पार्षदों की पहल पर हाल ही में अध्यक्ष तूहर द्वार कार्यक्रम संचालित किया गया था। इस जनसंपर्क अभियान के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों से प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनके निराकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया था।

इसी क्रम में मंगलवार को नगर के वार्ड क्रमांक 9 एवं 10 के निवासियों के लिए तुलसी मानस मंच, यादव मोहल्ला, चंद्रपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना सहायता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आवास योजना से जुड़े लंबित आवेदनों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया और पात्र हितग्राहियों के सभी आवेदनों को तत्काल पीएम आवास के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई। शिविर के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों से चर्चा कर कार्यप्रणाली का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने वार्ड 9 एवं 10 के नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा आवास, मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों पर समाधान की पहल की। अध्यक्ष ने इस अवसर पर कहा कि नगरवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाना उनकी प्राथमिकता है और ऐसे शिविर आगे भी आयोजित किए जाएंगे ताकि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना से वंचित न रहना पड़े। वही कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश देवांगन, पार्षद पीलाबाई भोली बरेठ, अन्य पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।



## एनडीपीएस मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार, 5 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

थाना प्रभारी शिवकुमार धारी के नेतृत्व में भटगांव पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जनवरी को दो लोग बिना नंबर की मोटरसाइकिल में अवैध गांजा लेकर एसपी साइन की ओर से भटगांव आ रहे हैं। इस जानकारी के बाद पुलिस टीम ने थाना गेट के सामने मेन रोड भटगांव में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल खान कबाड़ी दुकान के सामने धीमी हुई। तभी पीछे बैठा एक व्यक्ति उतरकर बस्ती की ओर भाग गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मोटरसाइकिल चालक को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम अरुण यादव पिता राम प्रसाद यादव 27 निवासी मल्दी बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 5 किलो 700 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। आरोपी को उसी दिन गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। मौके से फरार हुए दूसरे आरोपी की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में 10 फरवरी को पुलिस ने उसे पकड़ने में सफलता प्राप्त की। आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम वकेश्वर वर्मा पिता शोभित वर्मा 25 निवासी मल्दी थाना बिलाईगढ़ बताया। कार्रवाई करते हुए उसे भी न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।




## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए तरस रहा कोसीर क्षेत्र, लोगों में बढ़ने लगा आक्रोश

**कोसीर।** 19 जनवरी 2025 को जब सीएम का सारंगढ़ आगमन हुआ था तो ग्राम कोसीर में स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य केन्द्र की उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा किया था, लेकिन यह घोषणा धरी के धरी रह गई है।

19 जनवरी 2025 को मुख्य मंत्री के बनने के प्रथम आगमन पर कोसीर क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात दिया था। इसके बाद कोसीर वासियों ने खुशी व्यक्त किया था और मुख्य मंत्री का इसके लिए सराहना की गई। उनके नहीं मालूम था कि यह घोषणा केवल एक छलावा है उसके सपने केवल सपने ही बनकर रह जायेगा और कोसीर क्षेत्र वासी को झुनझुना पकड़ा देगा। आज एक साल बीतने के बाद भी इस घोषणा में अमल नहीं हुआ तो लोग अब समझने लगे हैं कि कोसीर एक बार फिर से ठग का शिकार हो गया और उसके स्वास्थ्य सुविधा की बनने की चाहत केवल सपना ही बनकर रह गया। विदित हो कि कोसीर में स्वास्थ्य सुविधा बेहाल है छोटी सी छोटी बीमारी के लिए भी कोसीर क्षेत्र वासियों को कोसो दूर जाना पड़ता है। विशेषज्ञ डॉक्टर की कमी स्पस्ट रूप से दिखाई पड़ती ही है जिसे लेकर कई वषो से मांग करते आ रहे है।

## पीएम सेजेस में उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव

**घरघोड़ा।** पीएम सेजेस घरघोड़ा में आयोजित आरोहण सांस्कृतिक प्रदर्शनी एवं वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह, भव्यता एवं वातावरण के बीच सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर में सुबह से ही उत्सव जैसा माहौल निर्मित हो गया था। छात्र छात्राओं, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की रूपरेखा को सफल बनाने में डीएमसी रायगढ़ आलोक स्वर्णकार एवं अभय पाण्डेय का विशेष योगदान एवं मार्गदर्शन रहा, जिनके निर्देशन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित एवं आकर्षक रूप में आयोजित हुआ।

इसी कड़ी में कार्यक्रम मुख्य अतिथि जनपद पंचायत घरघोड़ा के अध्यक्ष सहानु पैंकरा की अध्यक्षता तथा विशिष्ट अतिथि अनुविभागीय अधिकारी दुर्गा प्रसाद अधिकारी आईएएस की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सीईओ विनय चौधरी, तहसीलदार मनोज गुप्ता, नायब तहसीलदार सहोदर पैंकरा सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुविभागीय अधिकारी डीपी अधिकारी ने विद्यालय परिवार के सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आरोहण जैसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक, सामाजिक, खेल एवं अन्य रचनात्मक क्षेत्रों में भी अपना परचम लहराएँ तथा विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करें। डीएमसी रायगढ़ आलोक स्वर्णकार ने अपने संबोधन में पीएम विद्यालय की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीएम विद्यालय देश की नई शिक्षा नीति की सोच को साकार करने वाला मॉडल स्कूल है। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक नृत्य, लोकनृत्य एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विद्यालय प्रांगण को भाव विभोर कर दिया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया। वहीं विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजन, लोकसंस्कृति एवं हस्तशिल्प से सजे स्टॉलों ने पालकों, जनप्रतिनिधियों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। स्थानीय संस्कृति की झलक ने कार्यक्रम को और अधिक समृद्ध बना दिया। मुख्य अतिथि सहानु पैंकरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएम विद्यालय क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। यहाँ पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाएँ उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण निर्मित कर विद्यार्थियों का भविष्य संवार रहे हैं।



## एनएमएल एनटीपीसी तलईपल्ली में फन फेस्ट 2026 का आयोजन

**घरघोड़ा।** एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना की तिलोत्तमा महिला समिति द्वारा कोशल विहार टाउनशिप में फन फेस्ट 2026 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम मोर छत्तीसगढ़ मोर तलईपल्ली रही, जिसमें छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति परंपरा एवं सामुदायिक भावना का जीवंत प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती मीनाक्षी श्रीवास्तव, वरिष्ठ सदस्य, संयुक्ता लेडीज़ क्लब, श्रीमती पूनम जैन, अध्यक्ष, स्वयंसिद्धा लेडीज़ क्लब तथा श्रीमती कविता सक्सेना, अध्यक्ष, प्रेरणा लेडीज़ क्लब द्वारा किया गया। आयोजन में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएमएल तलईपल्ली एवं सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख, एनटीपीसी लारा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का नेतृत्व श्रीमती संगीता सिंह, अध्यक्ष, तिलोत्तमा महिला समिति ने किया। मेले में विभिन्न फूड स्टॉल, मनोरंजक खेल एवं स्थानीय कारीगरों के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक करमा नृत्य से हुई, जिसके बाद खैरागढ़ से आए कलाकारों द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर अतिथियों ने आयोजन की सराहना की।






